उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

**सूचना / विज्ञप्ति**

**उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025**

**अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण(डी0वी0 / पी0एस0टी0) हेतु निर्धारित तिथियों की सूचना का प्रकाशन**

संख्याः पीआरपीबी–बी(उप निरीक्षक सवंर्ग)03 / 2025 दिनांकः मई 13 ,2026

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 के अन्तर्गत 4543 पदों को भरे जाने हेतु समांक विज्ञप्ति दिनांकित 12.08.2025 की चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत दिनांक 14 तथा 15 मार्च, 2026 को सम्पन्न हुई लिखित परीक्षा का परिणाम समांक विज्ञप्ति दिनांकित 07.05.2026 द्वारा प्रकाशित करते हुए लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों में से अंकों की श्रेष्ठता एवं उ0प्र0राज्य के आरक्षण नीति के सुसंगत प्रावधानों के आधार पर श्रेणीवार विज्ञापित पदों के सापेक्ष लगभग 2.7 गुना अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु आहूत किया गया है।

2. उक्त सम्बन्ध में अर्ह अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी / पीएसटी) की कार्यवाही माह मई, 2026 के तृतीय सप्ताह **के स्थान पर माह जून, 2026** की निम्न तिथियों को प्रदेश के समस्त जनपदों में स्थित रिजर्व पुलिस लाइन्स में कराया जाना प्रस्तावित है।

| विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|
| अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी / पीएसटी) हेतु निर्धारित तिथि | दिनांक 15.06.2026 (सोमवार)<br>एवं<br>दिनांक 16.06.2026 (मंगलवार) |
| अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी / पीएसटी) के रिजर्व–डे हेतु निर्धारित तिथि | दिनांक 17.06.2026 (बुधवार) |

3. उपरोक्त सम्बन्ध में अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण(डीवी / पीएसटी) का **प्रवेश पत्र निर्धारित तिथि से लगभग 07 दिवस पूर्व** बोर्ड की वेबसाइट "https://uppbpb.gov.in/" पर अपलोड किया जायेगा, जिन्हें अभ्यर्थीगण बोर्ड की वेबसाइट पर दिये गये **लिंक पर जाकर** अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करके प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि व समय पर प्रवेश पत्र में उल्लिखित सम्बन्धित मूल अभिलेखों तथा मूल अभिलेखों की एक स्वः प्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

4. अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "https://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचनाएं / निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त किये जायेगें।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
पुलिस उप महानिरीक्षक / अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।